कार्यालय, प्राचार्य स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय
सरायपाली जिला–महासमुंद (छ.ग.)
WebSite- www.govtcollegesaraipali.ac.in E-Mail- govtcollegesaraipali1971@gmail.com
Phone (Office) – 07725226368 Mobile No- 76940-73733


सरायपाली, दिनांक 13/10/2025

## – प्रतिवेदन –

कार्यक्रम का नाम – मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्लोगन, नारा, कविता, नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन

संयोजक विभाग – राष्ट्रीय सेवा योजना

कार्यक्रम का उद्देश्य – भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने एवं आमजनों के मध्य मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत स्लोगन, नारा, कविता एवं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का सारांश – आज दिनांक 13/10/2025 को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर महासमुंद के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत सुश्री अनुपमा आनंद (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सरायपाली) के मुख्य आतिथ्य एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्लोगन, नारा, कविता एवं नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महोदया द्वारा महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अधिकारी/कर्मचारी एवं छात्र/छात्राओं को शपथ दिलाया गया एवं मतदाता जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई।

उपस्थित छात्र/छात्रा का नाम –

(1) [illegible] (MSc Zoology III sem) – [illegible]
(2) Akankshya Purohit (MSc chemistry) – Akanksya
(3) TUSHAR BADHAI (MSc chem. III sem) – T Badhai
(4) Jamuna Rana (MSc chem. I sem) – J Rana
(5) Priyanka Barik (MSc chem. I sem) – P Barik
(6) Pratigya Sahu (MSc chem. I sem) – P Sahu
(7) Amrit Bariha (MSc chem I sem) – A Bariha

प्राध्यापक नोडल अधिकारी

PRINCIPAL
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G.)

कार्यक्रम का नाम - मतदाता जागरूकता दिवस
13/10/2025

# स्लोगन और नारों से मतदान के लिए किया गया जागरूक



सरायपाली कालेज में कार्यक्रम के दौरान शपथ लेते छात्र। ● कालेज

नईदुनिया (वि.), सरायपाली : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सरायपाली कालेज में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुपमा आनंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में एमएससी रसायन शास्त्र प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने स्लोगन और नारों के माध्यम से युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। एमएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र सूरज कन्हेर ने छत्तीसगढ़ी में प्रेरणादायक कविता प्रस्तुत की, जिसमें मताधिकार के महत्व को रेखांकित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं और आमजनों को मतदान प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। नाटक में मतदान के अधिकार, युवाओं की भूमिका और लोकतंत्र की मजबूती पर ज़ोर दिया गया।

मुख्य अतिथि अनुपमा ने महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने अपने सारगर्भित उद्बोधन में निर्वाचन प्रणाली, फार्म 6, 7, 8 और नागरिकों के अधिकारों की जानकारी देते हुए मतदान के महत्व को रेखांकित किया। प्राचार्य डा. संध्या भोई ने कहा कि लोकतंत्र की सफलता जनता की भागीदारी पर निर्भर करती है। कार्यक्रम का संचालन स्वीप नोडल अधिकारी पीतांबर बाघ एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी व यूके बरिहा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और छात्र उपस्थित रहे।

प्राध्यापक नोडल अधिकारी

PRINCIPAL
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G)

कार्यक्रम का नाम - मतदाता जागरूकता
दिनांक - 13/10/2025


पत्रिका

# मतदाता जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सरायपाली.** स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरुकता बढ़ाने के लिए स्लोगन, नारा, कविता और नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों के युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ना और आम जनता में जागरुकता फैलाना था।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सरायपाली अनुपमा आनंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। एमएससी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों ने स्लोगन और नारों के माध्यम से मतदान का महत्व बताया। एमएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र सूरज कन्हेर ने छत्तीसगढ़ी में मतदाता जागरुकता पर कविता प्रस्तुत की। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए युवाओं और आम जनता को मतदान के प्रति प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने प्राध्यापकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई। प्राचार्य डॉ. एनके भोई ने युवाओं को मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने और आसपास के लोगों को प्रेरित करने का आह्वान संध्या भोई ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकतंत्र की सफलता का आधार जन भागीदारी है। मुख्य अतिथि ने निर्वाचन प्रणाली, आम जनता के अधिकार और फॉर्म 6, 7, 8 के महत्व पर प्रेरणादायक वक्तव्य दिया। साथ ही सभी को बधाई और शुभकामनाएं दीं।



## निबंध स्पर्धा में तृप्तिमय प्रधान को मिला प्रथम स्थान

**सरायपाली.** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर रामचंडी महाविद्यालय में स्वीप जागरुकता अभियान के तहत लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया पर मीडिया की भूमिका विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य डॉ. किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी भरत प्रधान और बीएड विभागाध्यक्ष प्रदीप बारिक के सहयोग से विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। निबंध प्रतियोगिता में तृप्तिमय प्रधान ने प्रथम और पूजा विश्वाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सहायक प्राध्यापक सुनील पटेल, लव कुमार पटेल, रजनी प्रधान, साजन चौधरी और खिरोद्र साहू के विशेष योगदान से कार्यक्रम सफल रहा। कार्यक्रम का संचालन स्वीप नोडल अधिकारी पीतांबर बाघ ने किया। आभार प्रदर्शन प्राध्यापक और नोडल अधिकारी यूके बरिहा ने किया। यह आयोजन मतदाता जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

13/10/2025 | Mahasamund | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

प्राध्यापक नोडल अधिकारी

PRINCIPAL
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G.)

कार्यक्रम का नाम - मतदाता जागरूकता
दिनांक - 13/11/2025

लोकतंत्र

## युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने नुक्कड़-नाटक की प्रस्तुति

# मतदाता जागरूकता बढ़ाने महाविद्यालयों में विविध आयोजन



**नवभारत संवाददाता । सरायपाली।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए उच्च शैक्षणिक संस्थानों में अध्यनरत युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने एवं आम जनों के मध्य मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में सुश्री अनुपमा आनंद (अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सरायपाली) के मुख्य आतिथ्य में स्लोगन, नारा, कविता एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों ने स्लोगन एवं नारा के माध्यम से मतदान जागरूकता का संदेश दिया। एमएससी प्रथम सेमेस्टर के छात्र सूरज कन्हेर ने छत्तीसगढ़ी में मतदान जागरूकता के संबंध में कविता प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अध्यनरत युवाओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने एवं आम जनों के मध्य मतदाता जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि के द्वारा महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाया गया। उद्बोधन की कड़ी में प्राचार्य डॉ संध्या भोई ने कहा कि किसी भी लोकतंत्र के सफल होने या उसके प्रभावी होने का एक ही मापदंड है, उस लोकतंत्र में जन भागीदारी कितनी है। वहीं मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सभी को शुभकामनाएं देते हुए निर्वाचन प्रणाली के प्रमुख अधिनियम, आम जनों के अधिकार, फ्रॉम 6,7,8 के परिपेक्ष्य में सारगर्भित जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन स्वीप नोडल अधिकारी पीतांबर बाघ एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राध्यापक नोडल अधिकारी यू.के .बरिहा ने किया।

### रामचंडी महाविद्यालय में भी हुये विविध कार्यक्रम

इसी कड़ी में रामचंडी महाविद्यालय में लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया पर मीडिया की भूमिका विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ. एन. के. भोई ने युवाओं को निर्वाचन के लिए स्वयं तथा आसपास के लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। भरत प्रधान राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी एवं प्रदीप बारिक बी.एड विभागाध्यक्ष के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में पहला स्थान तृप्तिमय प्रधान एवं दूसरा स्थान पूजा विश्वाल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक सुनील पटेल, लव कुमार पटेल, रजनी प्रधान, साजन चौधरी, खिरोद्र साहू का विशेष योगदान रहा।

प्राध्यापक नोडल अधिकारी

PRINCIPAL
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G.)